# प्रतिदर्श प्रश्न-पत्र

## हिंदी प्रथम भाषा

**कक्षा- X** **पूर्णांक–90**

**समय–3.15 घंटे**

1. निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए– 1x17=17

(i) सिख बीबी ने साफिया को लाहौर से क्या लाने के लिए कहा ?

(क) सेव (ख) नमक (ग) संतरा (घ) कालीन

(ii) भंबल दा के भाई का नाम था–

(क) अशोक (ख) सुरेश (ग) दिनेश (घ) राकेश

(iii) हेली का धूमकेतु पृथ्वी और सूर्य के समीप कब आएगा ?

(क) 2045 ई. में (ख) 3062 ई. में (ग) 2062 ई. में (घ) 2020 ई. में

(iv) कर्ण को किस सर्प ने सहायता देने का प्रस्ताव किया ?

(क) वासुकी (ख) तक्षक (ग) अश्वसेन (घ) शेषनाग

(v) 'आत्मत्राण' कविता में 'करुणामय' किसे कहा गया है ?

(क) कवि को (ख) ईश्वर को (ग) वृक्ष को (घ) विज्ञान को

(vi) ट्रांजिस्टर पर सुबह-सुबह राष्ट्रगान सुनकर कवयित्री क्या करती है ?

(क) सो जाती है (ख) गाने लगती है (ग) सावधान मुद्रा में खड़ी हो जाती है (घ) नाचने लगती है

(vii) 'कोमेते' किस भाषा का शब्द है ?

(क) रोमन (ख) फारसी (ग) इंग्लिश (घ) यूनानी

(viii) आइजेक न्यूटन के मित्र थे–

(क) आम्ब्रोई पेरी (ख) एडमंड हेली (ग) वाराहमिहिर (घ) निकोला तेस्ला

(ix) 'नागस्वरम' कहाँ का वाद्ययन्त्र है–

(क) दक्षिण भारत का (ख) उत्तर भारत का (ग) पूर्वी भारत का (घ) पश्चिमी भारत का

(x) हिंदी में कितने कारक होते हैं ?

(क) 4 (ख) 6 (ग) 7 (घ) 8

(xi) वाक्य में जिस शब्द से कार्य करने वाले का बोध हो, उसे कहते हैं–

(क) कर्म कारक (ख) करण कारक (ग) कर्त्ता कारक (घ) अधिकरण कारक

(xii) लड़का **कलम से** लिखता है–रेखांकित अंश में कौन सा कारक है ?

(क) अपादान कारक (ख) सम्प्रदान कारक (ग) कर्म कारक (घ) करण कारक

(xiii) 'अपने हाथों झटका करेंगे और पेट भर खा कर सो रहेंगे|'- वाक्य है–

(क) सरल (ख) मिश्र (ग) संयुक्त (घ) निषेधात्मक

(xiv) 'वह बहुत-कुछ पढ़ लेगा'–इस वाक्य में कौन सा वाच्य है ?

(क) भाव वाच्य (ख) कर्म वाच्य (ग) कर्तृ वाच्य (घ) इनमें से कोई नहीं

(xv) समास में आये हुए पदों को छोड़कर जब किसी अन्य अर्थ की प्रधानता हो तो उसे कहते हैं–

(क) कर्मधारय समास (ख) तत्पुरुष समास (ग) बहुब्रीहि समास (घ) द्विगु समास

(xvi) "सर विलियम जोन्स संस्कृत के एक उत्कृष्ट विद्वान थे"–इस वाक्य में उद्देश्य है-

(क) उत्कृष्ट (ख) विद्वान (ग) सर विलियम जोन्स (घ) संस्कृत

(xvii) 'यहाँ-वहाँ' सामासिक पद में समास है -

(क) कर्मधारय (ख) द्विगु समास (ग) द्वंद्व समास (घ) अव्ययीभाव समास

2. निम्नलिखित में से किन्हीं 19 प्रश्नों के उत्तर दीजिए (प्रत्येक उत्तर अनधिक 20 शब्दों में)--

1x19=19

(i) 'तेरी कुड़माई हो गयी'-यह किसका कथन है ?

(ii) रंगय्या की सारी आशाएं किस पर थीं ?

(iii) काठ के फलक से किसने सारंगी बनायी ?

(iv) साफिया अपने भाइयों से मिलने कहाँ गयी थी ?

(v) लोग 'बमभोले भैया' किसे कहते थे ?

(vi) किसके बिना संशय की गाँठ नहीं छूटती ?

(vii) जन्म से पार्थ का परम शत्रु कौन था ?

(viii) किसे बता दिया गया था कि उसकी हत्या होगी ?

(ix) नौरंगिया कहाँ की है ?

(x) "सारे जहाँ से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा"–की धुन कहाँ से आ रही थी ?

(xi) ब्राहे ने 1577 ई. में क्या सिद्ध किया ?

(xii) धूमकेतु क्या है ?

(xiii) बिस्मिल्ला खां बचपन में किन गायिका बहनों से प्रभावित हुए ?

(xiv) बिस्मिल्ला खां के मामू का क्या नाम था ?

(xv) अधिकरण कारक किसे कहते हैं ?

(xvi) "आज हम धूमकेतु को हेली का धूमकेतु कहते हैं"–वाक्य में कौन-कौन से कारक हैं ?

(xvii) अव्ययीभाव समास की परिभाषा लिखिए |

(xviii) किसी एक सामासिक पद का विग्रह कीजिए और समास का नाम लिखिए–कभी-कभी, देवी-देवता

(xix) 'लड़के ने घर की राह ली'–वाक्य को कर्म वाच्य में बदलिए |

(xx) भाव वाच्य किसे कहते हैं ?

(xxi) 'भम्बल दा को मैंने काफी करीब से देखा है |'–इस वाक्य को मिश्र वाक्य में बदलिए |

(xxii) 'अब तक साफिया का गुस्सा उतर चुका था'--इस वाक्य को निषेधात्मक वाक्य में बदलिए |

(xxiii) 'बिस्मिल्ला खां मिली-जुली संस्कृति के प्रतीक थे'–इस वाक्य को प्रश्नवाचक वाक्य में परिवर्तित कीजिए |

(xxiv) चुपके से पूछने लगी क्यों भैया नमक ले जा सकते हैं -वाक्य को उचित विराम चिह्न के साथ लिखिए |

3. प्रत्येक खंड से एक-एक प्रश्न का उत्तर दीजिए (प्रत्येक उत्तर अनधिक 60 शब्दों में)–

**खंड–क** 3x1=3

(i) "दुःख रात्रि में करे वंचना मेरी जिस दिन निखिल मही
उस दिन ऐसा हो करुणामय
तुम पर करूं नहीं कुछ संशय"

(क) इस पद्यांश के रचनाकार का नाम लिखिए |

(ख) प्रस्तुत पद्यांश का भावार्थ लिखिए | 1+2=3

(ii) "अद्भुत है ईश्वर की रचना, सबसे बड़ी चुनौती बचना
जैसी नियत लेखपाल की वैसी ठेकेदार की है"

(क) यहाँ अद्भुत ईश्वर की रचना किसे कहा गया है ?

(ख) आलोच्य पंक्तियों का भाव स्पष्ट कीजिए | 1+2=3

**खंड–ख** 3x1=3

(i) 'भइया, मुझे कुछ ऊँचा कर ले | अपने पट्टे पर मेरा सिर रख ले |'

(क) यह कथन किसका है ?

(ख) इस कथन का प्रसंग स्पष्ट कीजिए | 1+2=3

(ii) 'मुहब्बत तो कस्टम से इस तरह गुजर जाती है कि कानून हैरान हो जाता है |'

(क) यह पंक्ति किस पाठ से उद्धृत है ?

(ख) वक्ता के कथन का अभिप्राय स्पष्ट कीजिए | 1+2=3

4. प्रत्येक खंड से एक-एक प्रश्न का उत्तर दीजिए (अनधिक 150 शब्दों में)

**खंड–क** 5x1=1

(i) 'उसने कहा था' कहानी का उद्देश स्पष्ट कीजिए |

(ii) 'धावक' कहानी के आधार पर भम्बल दा का चरित्र-चित्रण कीजिए |

**खंड–ख** 5x1=1

(i) "नौरंगिया गरीब होकर भी स्वाभिमान की प्रतिमूर्ति है"–इस कथन का आशय स्पष्ट कीजिए |

(ii) 'देशप्रेम' कविता का प्रतिपाद्य स्पष्ट कीजिए |

**खंड–ग** 5x1=1

(i) धूमकेतुओं के विषय में हेली ने अपने अध्ययन में क्या निष्कर्ष प्रस्तुत किया ?

(ii) बिस्मिल्ला खां के व्यक्तित्व के प्रमुख पहलुओं पर प्रकाश डालिए |

**खंड–घ** 4x1=1

(i) 'दीपदान' एकांकी का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए |

(ii) 'दीपदान' एकांकी के आधार पर बनवीर का चरित्र-चित्रण कीजिए |

5. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए ((अनधिक 150 शब्दों में))–5x2=10

(i) 'कर्मनाशा की हार' कहानी में किन समस्याओं को उजागर किया गया है? स्पष्ट कीजिए |

(ii) 'जांच अभी जारी है' कहानी के शीर्षक के औचित्य पर विचार कीजिए |

(iii) 'तीसरी कसम' कहानी में आपको कौन सा चरित्र सर्वाधिक प्रभावित करता है और क्यों ? सोदाहरण उत्तर दीजिए |

6. किसी एक विषय पर निबंध लिखिए (अनधिक 400 शब्दों में)–10x1=10

(i) नदी-जल प्रदूषण के खतरे

(ii) छात्र जीवन में राजनीति

(iii) राष्ट्रभाषा का महत्व

(iv) कोलकाता की आत्मकथा

7. हिंदी से अनुवाद कीजिए– 4x1=4

**The relation between man and trees is as old as the history of mankind itself. They are useful to us in many ways. They bring about rainfall and thus play a key role in the change of climatic conditions. They prevent soil erosion by binding the soil with their roots.**

8. किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिए ((अनधिक 150 शब्दों में))– 5x1=5

(i) पश्चिम बंगाल में आयी बाढ़ पर समाचार पत्र में प्रकाशन के लिए एक प्रतिवेदन लिखिए |

(ii) पर्यावरण प्रदूषण पर दो मित्रों के बीच वार्तालाप लिखिए |

**बाह्य परीक्षार्थियों (External Candidates) के लिए**

9. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए (प्रत्येक उत्तर अनधिक 20 शब्दों में)--1x4=4

(i) लहना सिंह फ़ौज में किस पद पर था ?

(ii) शहनाई की दुनिया में डुमराँव को क्यों याद किया जाता है ?

(iii) रैदास चित्त को किसे देखने के लिए कहते हैं ?

(iv) रामदास क्यों उदास था ?

10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अनधिक 60 शब्दों में दें | **3x2=6**

(i) "धीरे-धीरे क्योंकर
छीजने लगा सारा आवेग"

(क) उद्धृत पंक्तियाँ किस पाठ से ली गयी हैं ?

(ख) उद्धृत पंक्तियों का आशय स्पष्ट कीजिए | 1+2=3

(ii) 'अजीब खब्ती आदमी है|'

(क) इस पंक्ति के पाठ का नाम लिखिए |

(ख) खब्ती आदमी किसे कहा गया है और क्यों ? 1+2=3

=#=